Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to construct Bassi Pathana- Fatehgarh Sahib, Khanna - Malerkotla - Raikot-Jagraon and Nawashahar- Rahon - Machiwara - Samrala - Khanna - Ludhiana highways as National Highways.

डॉ. अमर सिंह (फतेहगढ़ साहिब): सभापति जी, धन्यवाद । मैं आज मेरी कॉन्स्टिटुएंसी फतेहगढ़ साहिब के लिए बहुत दिनों से रिक्वेस्ट कर रहा हूँ । मैं काफी दिनों से नेशनल हाईवे अथॉरिटी से और मंत्री जी से लिखा-पढ़ी कर रहा हूँ । हम तीन नेशनल हाईवेज़ की मांग कर रहे हैं । एक बस्सी पठानाँ-फतेहगढ़ साहिब है, दूसरा, खन्ना-मलेरकोटला-रायकोट-जगरांव है और तीसरा, नवांशहर-राहों-मांछीवाड़ा-समराला-खन्ना-लुधियाना है, जिसकी मांग हम करते हैं । सर, ये सारे हाईवेज़ वे हैं, जो हिस्टोरिकल टाउन्स को और सेन्ट्रल पंजाब के हाइवेज़ को कनेक्ट करते हैं । ये हमारे इलाके की तरक्की के लिए बहुत मदद करेंगे इसलिए मैं बार-बार निवेदन करता हूँ । आज जीरो आवर में भी निवेदन कर रहा हूँ । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि इन तीनों नेशनल हाईवेज़ को लिया जाए ।